# राजस्थान का MAP (41 जिलों के अनुसार)



# मरुस्थल का महत्व-

- पर्यटन
- नवीकरणीय ऊर्जा
- खनिज संसाधन
- परमाणु परीक्षण स्थल
- सैन्य प्रशिक्षण स्थल
- पशु सम्पदा
- जैव विविधता
- नमक उत्पादन

NOTE - बड़े उद्योग - अलवर , सर्वाधिक उद्योग - जयपुर

## * नवीकरणीय ऊर्जा-

राजस्थान के उत्तरी-पश्चिमी भाग में नवीकरणीय ऊर्जा की सम्भावना सर्वाधिक है।
जैसे- सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा

## * खनिज-

राजस्थान के उत्तरी-पश्चिमी भाग में जीवाश्म खनिज / ऊर्जा खनिज अधिक पाए जाते है।

जैसे- पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, कोयला।

2023 — सर्वाधिक उत्पादन - बाड़मेर

## * परमाणु परीक्षण स्थल-

पोकरण को भारत की परमाणु परीक्षण स्थली कहा जाता है।

## * सैन्य प्रशिक्षण स्थल-

(i) चाँदन फील्ड फायरिंग रेंज (जैसलमेर)
(ii) महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (बीकानेर)

## * पशु सम्पदा-

राज. के मरुस्थलीय क्षेत्र में पशुधन अधिक पाया जाता है।
प्रमुख जिले - बाड़मेर, जोधपुर

Springboard ACADEMY

* **नमक सम्पदा**- मरुस्थल में नमक अधिक उत्पादित होता है क्योंकि यहाँ खारे पानी की झीलें अधिक पायी जाती है।

Ex. साम्भर, पचपदरा (सर्वाधिक गुणवत्ता वाला नमक) डीडवाना।

* **पर्यटन**- पश्चिमी राजस्थान की संस्कृति पर्यटन को आकर्षित करती है।




* **जैव विविधता**-

विश्व के अन्य मरुस्थलों की तुलना में थार मरुस्थल में अधिक जैव विविधता पाई जाती है।

* **खाद्यान्न उत्पादन**-

राजस्थान के उत्तरी-पश्चिमी भाग में मोटा अनाज अधिक उत्पादित होता है। Ex. बाजरा

Springboard Academy

# अरावली

## # अरावली का महत्व- (50 words)

1. मरुस्थलीकरण- अरावली एक अवरोधक के रूप में मरुस्थलीकरण को रोकती है।

2. जैव विविधता- अरावली में जैव विविधता अधिक पाई जाती है क्योंकि यहाँ वनस्पति विस्तार अधिक है।

3. जनजातीय संरक्षण- राजस्थान की अधिकांश जनजातियाँ अरावली में पाई जाती है इस कारण अरावली को जनजातियों की शरणस्थली कहा जाता है।

प्रमुख जनजातियाँ- मीणा (जयपुर)
भील (उदयपुर)
गरासिया (सिरोही)

4. खनिज- अरावली क्षेत्र में धात्विक खनिज अधिक पाए जाते है क्योंकि अरावली का निर्माण धारवाड़ चट्टानों से हुआ है।




(v) अपवाह तंत्र एवं नदियाँ- राजस्थान की अधिकांश नदियों का उद्गम अरावली से होता है।

(vi) जल विभाजक रेखा- अरावली को राजस्थान की जल विभाजक रेखा

कहा जाता है क्योंकि यह राजस्थान के अपवाह तंत्र को दो भागों में बाँटती है।

अरब सागर अपवाह तंत्र




बंगाल की खाड़ी अपवाह तंत्र

(vii) झील→ राजस्थान की अधिकांश झीलें (मीठे पानी) अरावली क्षेत्र (उदयपुर) में पायी जाती है।

(viii) पर्यटन→ अरावली पर्यटन को आकर्षित करती है, क्योंकि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल (अजमेर-पुष्कर) तथा हिल स्टेशन (माउन्ट आबू) अरावली में स्थित है

(IX) सभ्यता→ अरावली को प्राचीन सभ्यता (आहड़, गिलुण्ड, बैराठ, गणेश्वर) एवं नवीन नगरीय सभ्यताओं (जयपुर, अजमेर, उदयपुर) की जन्म स्थली कहा जाता है।

(X) योजना प्रदेश→ अरावली पर्वत माला को राजस्थान का योजना प्रदेश कहा जाता है। क्योंकि अरावली प्रदेश में सरकार की अनेक योजनाएँ व बजट लागू होती हैं। जैसे- सभ्यता का संरक्षण, पर्यटन का विकास।

# * राजस्थान एवं अरावली की प्रमुख पहाड़ियाँ-

Trick-

(i) भाकर - सिरोही

(ii) पहाड़ी का नाम + भाकर → जालौर

(iii) पहाड़ी का नाम + मगरा → उदयपुर, राजसमन्द

(iv) पहाड़ी का नाम + डूँगर, डूँगरी → जयपुर, कोटपुतली बहरोड़




| पहाड़ी / पर्वत | स्थिति |
|---|---|
| • त्रिकूट पहाड़ी (सोनार दुर्ग) | जैसलमेर |
| • त्रिकूट पर्वत (कैलादेवी मन्दिर) | करौली |
| • चिड़ियाटूक (मेहरानगढ़ दुर्ग) | जोधपुर |
| छप्पन पहाड़ियाँ / गोलाकार पहाड़ियाँ (सिवाणा) | बालोतरा, बाड़मेर |
| • रोजा भाकर, ईसराना भाकर, झारोला भाकर | जालौर |
| • सुंधामाता - 1st Rope Way 2006 में ↳ भालू संरक्षित क्षेत्र | जालौर |
| • जसवन्तपुरा हिल्स (इसकी सबसे ऊँची चोटी) ↓ डोरा पर्वत - 869 मीटर | जालौर |

NOTE- जालौर एवं बाड़मेर की पहाड़ियों में मुख्यतः ग्रेनाइट एवं रायोलाइट चट्टानें पाई जाती है।

सिरोही-

1. भाकर- दक्षिणी अरावली में छोटी, तीव्र ढाल एवं उत्खात (Bad band) पहाड़ियों को भाकर कहा जाता है।




• बेल का मगरा- (सिरोही)
  ↳ इसमें वॉलेस्टोनाइट खनिज का भंडारण पाया जाता है।

➤ राजसमंद – रेल का मगरा

➤ उदयपुर – 1. हिरण मगरी
2. माछला मगरा ⟶ 2nd Rope way- 2008 में
   ▸ पिछोला झील / दूध तलाई के निकट स्थित है।
   ▸ मनसा पूर्ण करणी माता मन्दिर
3. मोती मगरी – फतेह सागर झील के निकट
4. जरगा पहाड़ी
5. रागा पहाड़ी




➤ उदयपुर में जरगा व रागा पहाड़ियों के बीच स्थित हरियाली वाला क्षेत्र देशहरों कहलाता है।

6. गोगुन्दा हिल्स- आयड़ / बेड़च नदियों का उद्गम स्थल।

Springboard ACADEMY

7. बीछामेड़ा हिल्स– सोम नदी का उद्गम

* राजसमन्द–

(i) बिजराल – खारी
(ii) दिवेर – कोठारी
→ बनास की सहायक नदी

(iii) खमनौर हिल्स – बनास नदी का उद्गम

* पाली–

(i) काला-भूरा डूँगर → लूनी बेसिन की पूर्वी सीमा पर स्थित है।

* ब्यावर- टॉडगढ़ पहाड़ी – 934 मी.

* अजमेर–

(i) तारागढ़ पहाड़ी - 873

(ii) नाग पहाड़ी - 795 मी.
→ सर्पिलाकार होने के कारण
→ लूनी नदी का उद्गम

* जयपुर–

(i) मोती डूँगरी – गणेश मन्दिर

(ii) झालाना डूँगरी

(iii) ईगल हिल्स (चील पहाड़ी) → जयगढ़ किला स्थित है।

(iv) बाबाई- जयपुर

* कोटपुतली बहरोड़–

(i) महादेव डूँगरी
(ii) गणेश डूँगरी
(iii) भीम डूँगरी
(iv) बीजक की पहाड़ी
– बैराठ सभ्यता से सम्बन्धित → (विराटनगर)

Springboard ACADEMY

- बैराठ हिल्स – बाणगंगा का उद्गम – (कोटपुतली- बहरोड़)
- सेवर हिल्स – साबी नदी का उद्गम
- मनोहरपुरा हिल्स – मेंथा / मेंढा का उद्गम

(ऊपर की दोनों पंक्तियाँ → जयपुर)

- बरवाड़ा हिल्स – जयपुर

*** सवाई माधोपुर**

(i) चौथ का बरवाड़ा – चौथ माता का मन्दिर
सीसा - जस्ता के भण्डारण

*** झुंझुनू →** बबाई हिल्स

*** सीकर →**

(i) मालकेत / मालखेत पहाड़ी
(ii) खंडेला हिल्स – कांतली नदी का उद्गम
रोहिला क्षेत्र → यूरेनियम का भण्डारण
(iii) काजल हिल्स – जीणमाता मन्दिर → 6th रोप-वे
(iv) हर्ष पर्वत – हर्षनाथ मन्दिर

*** अलवर –**

- हर्षनाथ पहाड़ी
- उदयनाथ पहाड़ी – रूपारेल नदी का उद्गम
- भैंराच पर्वत
- भानगढ़ हिल्स
- सिरावास हिल्स

*** बूँदी**

- आड़ावाला / आरावाला पहाड़ी

Springboard ACADEMY

## * भीलवाड़ा–

- बीजासण हिल्स

**NOTE-** बीजासण माता मन्दिर इन्द्रगढ़ (बूँदी) में है।

# # राजस्थान की विशेष आकार की पहाड़ियाँ–

(i)  गोलाकार/ छप्पन की पहाड़ियाँ → बाड़मेर

(ii)  घोड़े की नाल → बाराँ (हाड़ौती)

जल भरा हुआ – रामगढ़ क्रेटर झील

(iii)  दोहरी तस्तरीनुमा पहाड़ियाँ – गिरवा

पर्वतों की श्रृंखला को

(iv)  अर्द्धचन्द्राकार – बूँदी हिल्स एवं मुकुन्दरा हिल्स– कोटा, झालावाड़

(v)  सर्पिलाकार (नाग हिल्स) - अजमेर

## Q. पूर्वी मैदान का महत्व– (50 words)

### (1.) कृषि उत्पादकता–

पूर्वी मैदान में कृषि उत्पादकता अधिक होती है क्योंकि यहाँ सर्वाधिक उपजाऊ मृदा (जलोढ़) पाई जाती है।

Springboard Academy

(ii) जनघनत्व– अधिक होगा, क्योंकि यह अधिक उपजाऊ मैदान है।

(iii) आधारभूत अवसंरचना–

पूर्वी मैदान में आधारभूत संरचना अधिक विकसित है, जैसे- सड़क, विद्युत, परिवहन व शिक्षा।

(iv) उद्योग-

पूर्वी मैदान अन्य भौतिक प्रदेशों की तुलना में अधिक विकसित है। जैसे- जयपुर, अलवर।

(v) पक्षी जैवविविधता–

- पूर्वी मैदान में पक्षियों की अधिक प्रजाति पायी जाती है।

Ex. बन्ध बारैठा, केवलादेव (भरतपुर)

* अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु-

- दिशाओं के अनुसार राजस्थान के मैदानी भाग–




Springboard ACADEMY

# हाड़ौती का महत्व-

(i) कृषि उत्पादकता- हाड़ौती क्षेत्र में कृषि उत्पादकता उच्च पाई जाती है क्योंकि यहाँ काली मिट्टी / उपजाऊ मिट्टी पाई जाती है।

(ii) जनघनत्व- जनघनत्व अधिक पाया जाता है क्योंकि यहाँ उपजाऊ मिट्टी पायी जाती है।

(iii) खनिज- हाड़ौती में मुख्यतः पत्थर वाले खनिज अधिक पाए जाते है।
जैसे- बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, रेड स्टोन (धौलपुर पत्थर)

(iv) जल उत्पादकता / सतही जल-
इस क्षेत्र में जल उत्पादकता अधिक होती है, क्योंकि इस भौतिक प्रदेश में नदियाँ अधिक पायी जाती है।

(v) जलीय जैव विविधता-

➤ हाड़ौती क्षेत्र में जलीय जैव विविधता अधिक पायी जाती है।
जैसे- घड़ियाल, मगरमच्छ, उदबिलाव, गांगेय सूस (डॉल्फिन-Gangetic Sus)
↓
(सर्वाधिक गंगा नदी में)

Springboard Academy

# झीलें

- पानी की प्रकृति के आधार पर राजस्थान की झीलों को २ भागों में बाँटा जाता है–

## १. खारे पानी की झीलें

- कारण- टेथिस सागर के अवशेष
- सर्वाधिक- डीडवाना-कुचामन / नागौर

## २. मीठे पानी की झीलें

- कारण- वर्षा जल व नदी जल पर आधारित
- सर्वाधिक - उदयपुर

## १. खारे पानी की झीलें

- राजस्थान के उ. प. में खारे पानी की झीलें अधिक पाई जाती है, क्योंकि यहाँ झीलों के नीचे माईकाशिष्ट चट्टानें पाई जाती है।




1. सांभर = जयपुर ग्रामीण
2. पचपदरा = बालोतरा
3. डीडवाना = डीडवाना कुचामन
4. कुचामन = डीडवाना कुचामन
5. नावां = डीडवाना कुचामन
6. डेगाना = नागौर

Springboard Academy

7. रैवासा = सीकर

8. कछोर = सीकर

9. तालछापर = चुरू

10. लूणकरणसर = बीकानेर

11. फलौदी = फलौदी

12. कावोद = जैसलमेर
(काणोद)

① <u>सांभर झील</u> :-

- यह जयपुर ग्रामीण में स्थित खारे पानी की झील है।
- <u>निर्माता</u> - वासुदेव चौहान
  - (बिजौलिया शिलालेख के अनुसार)
- <u>विशेषताएँ</u> -

(i) सांभर का निर्माण पाँच नदियों से मिलकर हुआ है।
- मेंथा - सर्वाधिक लवणता लाती है।
- रूपनगढ़
- खारी
- तुरतमति
- खंडेल

(ii) सांभर राजस्थान की सबसे बड़ी एवं देश की तीसरी सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।

Ist = चिल्का झील (odisha)
IInd = पुलीकट (A.P & Tamilnadu)

(iii) देश में सर्वाधिक नमक उत्पादन सांभर झील से होता है-
- भारत = 8.9%
- राजस्थान = 80-90%

Springboard ACADEMY

(iv) सांभर झील संयुक्त उपक्रम द्वारा संचालित है।

सांभर
- केन्द्र सरकार — HSL (हिन्दुस्तान साल्ट लिमिटेड) → 60%
- राज्य सरकार — SSL (सांभर साल्ट लिमिटेड) → 40%

(v) <u>क्यार-</u> सांभर से उत्पादित नमक को 'क्यार' कहते हैं।

(vi) सांभर झील रामसर साईट सूची में शामिल = 1990 में (दूसरी)

जिसमें संरक्षित जीव
- कुरंजा
- राजहंस (फ्लेमिंगो)

NOTE- सर्वाधिक कुरंजा पक्षी - खींचन गाँव (फलोदी)

<u>NOTE</u>- हाल ही में (2019 में) सांभर झील कुरजा पक्षियों की मृत्यु के कारण चर्चा में थी।

कारण - एवियन बोटुलिज्म

→ सांभर झील देश में सबसे बड़ी अन्तः स्थलीय खारे पानी की झील है।

२. <u>पचपदरा झील</u>-

→ यह बालोतरा में स्थित एक खारे पानी की झील है।




छोटे कुंड/कुएँ = कोसिया

रेस्ता (उत्पादित नमक)

Springboard Academy

## विशेषताएँ-

(i) इस झील से सर्वश्रेष्ठ नमक उत्पादित होता है। क्योंकि इस झील में 98% NaCl होता है।

(ii) **खारवाल** → यह एक जाति है जो पचपदरा से नमक उत्पादन करने का कार्य करती है।

(iii) **मोरली** → यह एक झाड़ी है। जो पचपदरा में नमक उत्पादन करने में उपयोगी है।

## 3. डीडवाना झील-

यह डीडवाना-कुचामन में स्थित एक खारे पानी की झील है।

### विशेषताएँ-




→ राजस्थान राज्य कैमिकल वर्क्स 1964

(i) इस झील से निम्न श्रेणी का नमक उत्पादन होता है, क्योंकि यहाँ पर NaCl के स्थान पर सोडियम सल्फेट पाया जाता है।

(ii) इस झील के निकट 'Rajasthan State Chemical Works-1964' डीडवाना में स्थापित किया गया।

* **$Na_2SO_4$ के उपयोग-**

- काँच उद्योग
- कागज उद्योग
- चमड़ा उद्योग

Springboard ACADEMY

## २. मीठे पानी की झीलें

- राजस्थान में मीठे पानी की झील सर्वाधिक अरावली (उदयपुर) में पाई जाती है।
- राजस्थान में सर्वाधिक झील उदयपुर में स्थित है।
- इस कारण उदयपुर को झीलों की नगरी कहते है।

1. जयसमन्द झील / ढेबर झील – (समन्द - अर्थ→ महासागर की तरह)

- स्थिति - सलूम्बर (ढेबर नाल)
- निर्माता - महाराणा जयसिंह
- निर्माण काल - 1685-1691 ई. में
- यह गोमती नदी पर स्थित है।




**विशेषताएँ-**

(i) जयसमंद झील मीठे पानी की सबसे बड़ी कृत्रिम झील है।

(ii) इस झील में सर्वाधिक टापू (7) स्थित है।

सबसे बड़ा टापू → बाबा का मगरा

प्यारी ← सबसे छोटा टापू

Spinbard ACADEMY

(iii) इस झील में निवास करने वाली जनजाति भील-मीणा है।

(iv) इस झील से सिंचाई के लिए दो नहरें निकाली गई।

जिसमें

श्यामपुरा नहर | भाट नहर

(v) नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर एवं हाथियों की प्रतिमा इस झील के निकट स्थित है।

(vi) इस झील में जलीय जैव विविधता अधिक पाई जाती है।

↳ इस कारण इस झील को 'जलचरों की बस्ती' कहा जाता है।

(vii) इस झील को '<u>ढेबर झील</u>' कहा जाता है।

२. <u>पिछोला झील</u> - उदयपुर

↳ निर्माता- बन्जारे (राणा लाखा के काल में)

↳ निर्माण काल- 1388 ई.

↳ नदी - सीसारमा, बूसड़ा



विशेषताएँ-

(i) पिछोला झील को बैलों की समृद्धि / याद में बनवाया गया।

(ii) इस झील से संबंधित ऐतिहासिक धरोहर :-

- नटनी का चबूतरा (राणा लाखा)
- • जगमन्दिर (जगतसिंह-I)
  • जगनिवास (जगतसिंह-II)
- Udaipur City Palace

(iii) जगमन्दिर एवं जगनिवास महल वर्तमान में 'होटल लेक पैलेस' के रूप में संचालित है।

(iv) राजस्थान की प्रथम सौर नाव एवं इलेक्ट्रिक नाव इस झील में संचालित की गई।

(v) पिछोला झील के अतिरिक्त जल को 'फतेह सागर' में छोड़ा जाता है।

(vi) स्वरूप सागर चैनल → पिछोला झील को फतेहसागर से जोड़ा जाता है।

(vii) शाहजहाँ ने विद्रोह के समय इसी झील में शरण ली थी।

3. फतेहसागर झील / देवाली तालाब / ड्यूक ऑफ कनॉट डैम –

→ स्थिति - उदयपुर

→ निर्माता - महाराजा जयसिंह (1688 ई.)

→ पुनः निर्माण - 1888 ई. महाराणा फतेहसिंह

→ नदी - सीसारमा
  बूसड़ा

विशेषताएँ-

(i) इस झील के मध्य नेहरू उद्यान स्थित है। जो पर्यटन को आकर्षित करता है।

Springboard Academy

(iii) सौर वैधशाला, टेलीस्कोप और वर्चुअल फिश एक्वेरियम भी इस झील के निकट स्थित है।

(iv) इस झील में पानी की कमी होने पर मदार बाँध (बेड़च नदी) से जलापूर्ति की जाती है।

4. रंग सागर / अमरकूट–

- स्थिति - उदयपुर
- निर्माणकाल - अमरसिंह बढ़वा
- नदी - सीसारमा
  बूझड़ा

विशेषताएँ–

- यह झील पिछोला एवं स्वरूप सागर से जुड़ी हुई है।

5. बड़ी झील / जाना / जियान सागर -

- स्थिति - उदयपुर (बड़ी गाँव)
- निर्माता - महाराजा राजसिंह
- निर्माण काल - 1652 - 1680 ई.

विशेषताएँ-

(i) इस झील के निकट बाहुबली पहाड़ी स्थित है।

(ii) इस झील में महासीर मछली की प्रजाति पाई जाती है।

(iii) यह झील Conservation Reserve में शामिल है।

Springboard ACADEMY

6. उदयसागर – उदयपुर (1559-64 ई.)

- निर्माता - महाराणा उदयसिंह
- नदी - बेड़च / आयड़
- आयड़ नदी इस झील में गिरने के बाद 'बेड़च' कहलाती है

7. दूधतलाई - उदयपुर
↓
पिछोला के निकट स्थित

(दूध बावड़ी - सिरोही)

8. नक्की झील (सिरोही)-

- यह एक क्रेटर झील / ज्वालामुखी झील का उदाहरण है।




टॉड रॉक → 

नन रॉक → 

नन्दी रॉक

हॉर्न रॉक

विशेषताएँ–

→ लोक कहावतों के अनुसार इस झील का निर्माण नाखूनों से हुआ है।

- यह राजस्थान की सबसे ऊँची एवं सबसे गहरी झील है।
  ऊँची ↓ (1200 मी.) गहरी ↓ (35 मी.)
- नक्की झील राजस्थान की सबसे ठण्डी झील है।
- राजस्थान में एकमात्र हिल स्टेशन वाली झील है।

Springboard Academy

- इस झील पर Sunset Point स्थित है। जो पर्यटन को आकर्षित करता है।
- गरासिया जनजाति के द्वारा अस्थियों का विसर्जन इसी झील में किया जाता है।

## ९. राजसमंद झील-

- स्थिति - राजसमन्द
- निर्माता - महाराजा राजसिंह
- निर्माणकाल - १६६२-७६ ई.
- नदियाँ - गोमती, ताली, केलवा




### विशेषताएँ-

- राजसमंद झील राजस्थान की प्रथम अकाल राहत झील है।
- इस झील के निर्माण में सर्वाधिक लोगों (60,000) ने योगदान दिया है।
- घेवर माता मन्दिर व द्वारकाधीश मन्दिर इसी के किनारे स्थित है।

- इस झील के किनारे नौ चौकी पाल स्थित है।
- राजप्रशस्ति भी इसी झील के निकट स्थित है।

## 10. पुष्कर झील-

- पुष्कर झील अजमेर (पुष्कर) में स्थित है।
- जो क्रेटर या ज्वालामुखी झील का उदाहरण है।




**विशेषताएँ-**

- उपनाम- पाँचवा तीर्थ / तीर्थराज / तीर्थों का मामा / कोंकण तीर्थ / 52 घाटा झील

- पुष्कर राजस्थान की सबसे पवित्र झील मानी जाती है।
- इस झील में अस्थियों का विसर्जन अधिक होता है।
  जैसे-
  - गाँधीजी
  - अटल बिहारी वाजपेयी
  - बाल ठाकरे
  - किरोड़ी सिंह बैंसला
- कार्तिक पूर्णिमा को इस झील के किनारे मेले का आयोजन होता है। जिसे 'राजस्थान का रंगीला मेला' कहा जाता है।

- कार्तिक पूर्णिमा को इस झील में दीपदान किया जाता है।
- झील के निकट ब्रह्मा जी का मन्दिर स्थित है।
- पुष्कर झील राजस्थान में सबसे बड़ी मीठे पानी की प्राकृतिक झील है।

## 11. आनासागर or अर्णोराज सागर-

- स्थिति - अजमेर शहर
- नदी - बांडी
- निर्माता - अर्णोराज चौहान
- निर्माणकाल - 1136-1137 ई.




## 12. फॉय सागर-

- निर्माता - इंजीनियर फॉय
- निर्माण काल = 1891-92 ई.
- नदी = बांडी
- विशेषताएँ-

(i) राजस्थान की दूसरी अकाल राहत झील फॉय सागर है। (1st = राजसमंद = 1662 ई.)

Springboard ACADEMY

13. मानसागर – जयपुर सिटी

- निर्माता - मानसिंह
- निर्माण काल = 1610 ई.




विशेषताएँ-

- मानसागर झील राजस्थान की सर्वाधिक प्रदूषित झील है।
- जल महल इसी झील में स्थित है।
- नाहरगढ़ पहाड़ी इस झील के निकट स्थित है।
- द्रव्यवती नदी या अमानी शाह नाला मानसागर झील से उद्गमित होता है।

14. मावठा झील -

- स्थिति- जयपुर सिटी (वर्षा जल पर आधारित)
- यह एक प्राकृतिक झील है जो आमेर दुर्ग के निकट स्थित है।

15. सिलीसेढ़ झील-

- स्थिति - अलवर (सरिस्का)
- निर्माता - महाराजा विनयसिंह




**विशेषताएँ-**

- मत्स्य पालन व स्थानीय पर्यटन के लिए प्रसिद्ध।
- इस झील को राजस्थान का 'नन्दन कानन' कहा जाता है।
- सिलीसेढ़ झील स्वर्णिम त्रिकोण पर स्थित है।
  - जयपुर
  - दिल्ली
  - आगरा

16. कायलाना झील- (सर प्रताप सागर झील)

- स्थिति - जोधपुर
- निर्माता- सर प्रताप सिंह
- निर्माण काल = 1872 ई.



विशेषताएँ-

- कायलाना राजस्थान की पहली झील है जो IGNP से जुड़ी हुई है। [हालही में गढ़ीसर झील (जैसलमेर) को भी IGNP से जोड़ा गया]

17. कोलायत झील (कपिल सरोवर) - बीकानेर

- निर्माता - कपिल मुनि

विशेषताएँ-

(i) इस झील के किनारे 52 घाट स्थित है।

(ii) कार्तिक पूर्णिमा को इस झील के किनारे मेले का आयोजन होता है।

(iii) कार्तिक पूर्णिमा को इस झील में दीपदान किया जाता है।

NOTE → चारण जाति कोलायत झील में भ्रमण (दर्शन) नहीं करती है क्योंकि यहाँ उनकी पूज्य करणी माता के गोद लिए हुए पुत्र की मृत्यु हुई थी।

18. गजनेर झील - (वर्षा जल पर आधारित)

- स्थिति - बीकानेर (गजनेर पैलेस के निकट)

- निर्माता - महाराजा गंगासिंह

NOTE → गजनेर झील को 'पानी का शुद्ध दर्पण' कहा जाता है।

19. रामगढ़ झील-

- स्थिति - बारां

विशेषताएँ-

(i) यह एक क्रेटर/ उल्कापिंड झील का उदाहरण है।

(ii) यह झील घोड़े की नाल जैसी पहाड़ियों से घिरी हुई है।




(iii) UNESCO के द्वारा इस झील को 2020 में भू-विरासत की सूची में शामिल किया गया।
(अधिसूचित = 2024)

## अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु

### 1. राजस्थान की अन्य महत्वपूर्ण झीलें -







Springboard ACADEMY




NOTE-

नवलखा → झील = बूंदी
नवलखा → तालाब = बारां
नवलखा → बावड़ी = डूँगरपुर

# राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना-

- शुरूआत = 2001 / 1 अप्रेल 2016
- वित्तीय सहयोग = केन्द्र : राज्य
  60% : 40%
- इस कार्यक्रम में शामिल राजस्थान की झीलें - 6

1. मानसागर (जयपुर)
2. पुष्कर (अजमेर)
3. आनासागर (अजमेर)
4. पिछोला (उदयपुर)
5. फतेहसागर (उदयपुर)
6. नक्की झील (सिरोही) (मा. आबू)

Springboard ACADEMY

# राजस्थान के प्रमुख नलकूप / कुएँ-

- चाँदन नलकूप
  - 'थार का घड़ा'
  - (जैसलमेर)
- बावड़ी कुआं
  - 'रेगिस्तान का जलमहल'
  - बायतू - बाड़मेर
  - मार्बल निर्मित

# झीलों के महत्व-

- नमक उत्पादन
  - Ex. सांभर
  - पचपदरा
  - डीडवाना
- पर्यटन
  - Ex. नक्की
  - मानसागर
  - पुष्कर
- जल संरक्षण
- पेयजल
  - Ex. पिछौला
  - आनासागर
- सिंचाई
  - Eg. जयसमंद
- जैव विविधता
  - जयसमंद
- मत्स्य पालन
- धार्मिक महत्व
  - पुष्कर
  - कोलायत
  - नक्की
- भू- जल संरक्षण

# जल संरक्षण तकनीक

- ✔ जल संरक्षण
- ✔ जल संरक्षण की तकनीक
- ✔ अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु

## A. जल संरक्षण-

व्यर्थ बहते हुए पानी को रोकने व उपयोग में लिए जाने वाले पानी का सीमित उपयोग करना, "जल प्रबंधन" कहलाता है।

### जल प्रबंधन की तकनीक

**परम्परागत तकनीक**

1. नाड़ी
2. टोबा
3. बावड़ी
4. झालरा
5. खड़ीन
6. बेरी / कुई
7. टांका / कुंड
8. जोहड़
9. तालाब
10. झील

**आधुनिक तकनीक**

1. बाँध
2. नहर
3. बूँद-बूँद फव्वारा तकनीक

Springboard ACADEMY

## I. परम्परागत तकनीक-

### 1. नाडी-

- एक तरह का तालाब जिसमें वर्षा जल संग्रहण किया जाता है।
- यह तकनीक पश्चिमी राजस्थान में प्रचलित।
- 1520 ई. में राजस्थान में प्रथम नाडी का निर्माण किया गया।

### २. टोबा-

- नाडी से गहरे जल संग्रहण के स्रोत है जिसमें वर्षा जल संग्रहण किया जाता है।
- इसमें संग्रहित जल का उपयोग- पेयजल एवं सीमित सिंचाई के लिए किया जाता है।

### 3. बावडी-

- बावडी गोलाकार एवं कलात्मक सीढ़ीनुमा कुएँ होते है।
- जल के ये कुएँ, वर्षा जल पर निर्भर।
- सर्वाधिक बावडी- बूंदी में स्थित है जिसे "बावड़ियों का शहर" कहा जाता है।

#### प्रमुख बावड़ियाँ-

1. नवलखा बावडी → डूँगरपुर
2. लाहिनी बावडी → सिरोही
3. भूत बावडी → जोधपुर ग्रामीण (रणसी गाँव)
4. अनारकली बावडी → बूँदी
5. चाँद बावडी → आभानेरी (दौसा)
6. बड़ी बावडी/ छोटी बावडी → दौसा

7. दूध बावड़ी → सिरोही
8. त्रिमुखी बावड़ी → उदयपुर
9. रानी की बावड़ी → बूँदी
10. गुलाब बावड़ी → बूँदी
11. हाड़ी रानी की बावड़ी → टोडारायसिंह (केकड़ी)
12. नौ मंजिला बावड़ी → नीमराना (कोटपुतली-बहरोड़)

## 4. झालरा-

- जल संग्रहण हेतु निर्मित आयताकार कुंड जो किसी झील या तालाब से जल प्राप्त करता है।
- इसके पानी का उपयोग धार्मिक रीति-रिवाजों के स्नान के लिए किया जाता है, पेयजल के लिए नहीं।
  उदा॰ - तूर जी झालरा (जोधपुर)

## 5. खड़ीन (प्लाया)-

- पश्चिमी राजस्थान में पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा जल संग्रहण के लिए जो अस्थाई पानी की झील बनाई जाती है, उसे खड़ीन या प्लाया कहते है।
- ये सर्वाधिक उत्तरी जैसलमेर में स्थित है।

## 6. बेरी (कुई)-

- पश्चिमी राजस्थान / अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों (जैसलमेर, बीकानेर) में जल संग्रहण के लिए बनाये गए छोटे, गोलाकार या कम गहरे खड्डे को बेरी / कुई कहते है।
- ये जल के लिए तालाब एवं जोहड़ पर निर्भर होते है।

## 7. टांका / कुंड-

इसका निर्माण मुख्यतः पेयजल के उद्देश्य से घरों या सार्वजनिक स्थानों पर किया जाता है, जिसमें वर्षा जल

Springboard Academy

(पालर पानी) संग्रहित होता है।

जल की शुद्धता के लिए इसे ऊपर से ढका जाता है।

## 8. जोहड़:-

ग्रामीण क्षेत्र में ढाल की ओर बहता हुआ वर्षा जल निम्न भूमि में एकत्रित होता है, जिसे जोहड़ कहते हैं।

शेखावाटी में अधिक प्रचलित।
↳ 'पानी के कच्चे कुएँ' कहा जाता है।

NOTE- जोहड़ पद्धति को पुनर्जीवित करने का श्रेय श्री राजेन्द्र सिंह (अलवर) को जाता है, इन्हें "जोहड़ वाले बाबा" के नाम से जाना जाता है, जिन्हें 'रमन मैग्सेसे अवार्ड' दिया गया।

## 9. तालाब-

कृत्रिम/प्राकृतिक जलाशय होता है, जिसका विस्तार एक वर्ग मीटर से दो हैक्टेयर के मध्य होता है।

जिसमें वर्ष में कम से कम चार माह जल उपलब्ध होता है।

### प्रमुख तालाब-

- पदम तालाब
- जंगली तालाब
- काला तालाब
- सुख तालाब

} रणथम्भौर

- सरेरी तालाब
- खारा तालाब
- माण्डल तालाब (राजस्थान का सबसे बड़ा तालाब)

} भीलवाड़ा

NOTE- राजस्थान में तालाबों से सर्वाधिक सिंचाई भीलवाड़ा में होती है।

10. झील-

वर्षा जल व नदी बेसिन के जल द्वारा निर्मित जल बेसिन जो मुख्यतः चारों ओर स्थलीय भाग से घिरे रहते है, उसे झील कहते है।

सर्वाधिक झीलें - उदयपुर में

NOTE- राष्ट्रीय झील संरक्षण परियोजना- शुरुआत = 2001

↳ राजस्थान की 6 झीलें शामिल-

1. फतेह सागर
2. पिछोला
3. आनासागर
4. पुष्कर
5. नक्की
6. मानसागर

↳ बजट = केन्द्र : राज्य (60:40)

## आधुनिक विधियाँ

1. डैम/बाँध परियोजना-

बहते हुए व्यर्थ पानी को रोककर विभिन्न उद्देश्य (सिंचाई, पेयजल, जल विद्युत) को पुरा करने के लिए डैम का प्रयोग किया जाता है।

2. नहर- राजस्थान में नहरों द्वारा सर्वाधिक सिंचाई श्री गंगानगर में होती है।

3. फव्वारा एवं बूंद-बूंद सिंचाई तकनीक-

राजस्थान में नर्मदा नहर क्षेत्र में इस तकनीक को अनिवार्य रूप से लागू किया गया है।

इस तकनीक को इजराइल से ग्रहण किया गया है।

# अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु

## (a.) प्रमुख योजनाएँ-

### (i) स्वजल धारा योजना- शुरुआत- २००२

केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु शुरु।

### (ii) राजीव गाँधी जल संचय योजना-

- शुरुआत- 20 Aug. 2019
- उद्देश्य - ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति, वर्षा जल संग्रहण व संरक्षण, भू-जल स्तर में वृद्धि करना, कृषि योग्य क्षेत्र को बढ़ाना।
- इस योजना को दो चरणों में चलाया गया है।

| प्रथम चरण | द्वितीय चरण |
|---|---|
| २० Aug, २०१९ | २२ मार्च, २०२३ |

### (iii) अटल भू-जल योजना-

- भारत सरकार : विश्व बैंक (50 : 50)
- शुरुआत – 1 अप्रैल, २०२०
- योजना २०२०-२१ से २०२४-२५, 5 वर्षों के लिए है।
- 7 राज्यों में – हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश

NOTE:- इसमें राजस्थान के 16 जिलों की 38 पंचायत समितियों को शामिल किया गया है।

- उद्देश्य – सामुदायिक भागीदारी से गिरते भूजल स्तर को रोकना।
- नोडल विभाग– भू-जल विभाग

Springboard Academy

## (iv) जल स्वावलम्बन योजना-

- शुरुआत- 27 Jan., 2016
  - ↳ गार्दनखेड़ी (झालावाड़) से

- उद्देश्य
  - → ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब एवं कुएँ के जल स्तर में सुधार।
  - → चारागाहों का विस्तार।
  - → कृषि उत्पादन को बढ़ावा।

यह योजना 4 चरणों मे चलाई गई-

| प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण |
|---|---|---|---|
| (27 Jan-2016) | (9 dec. 2016) | (9 dec. 2017) | (3 Oct. 2018) |

## (v) मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0- (शुरुआत = 2024-25)

- ↳ इसके अन्तर्गत अगले 4 वर्षों में 20,000 गाँवों में 5,00000 जल संचय संरचनाओं का निर्माण। जिनका बजट 11,200 करोड़ ₹ है।
- ↳ प्रथम चरण (2 वर्ष) - 349 पंचायत समीतियाँ (सभी जिलो की)
  - → 5,135 गाँव चयनित
  - → राशि = 3500 करोड़ ₹
- ↳ उद्देश्य- भू-जल स्तर को बढ़ाना, ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति व हरित क्षेत्र को बढ़ाना।

## (vi) जल जीवन मिशन / हर घर जल-

- शुरुआत- 15 अगस्त, 2019
- उद्देश्य- (i) 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घरेलू नल कनेक्शन
  (ii) प्रति व्यक्ति 55 लीटर जल उपलब्धता।
- आर्थिक सहयोग
  - → राज्य = केन्द्र : राज्य (50:50)
  - → उत्तरी-पूर्वी राज्य = केन्द्र : राज्य (90:10)
  - → केन्द्रशासित प्रदेश (100%)
- वर्तमान में इस कार्यक्रम की अवधि को 2028 तक बढ़ा दिया है।
- नोडल मंत्रालय = जल शक्ति मंत्रालय

## (b) राज्य जल नीति-

→ 18 feb. 2010

→ इस नीति के अनुसार जल उपलब्धता की प्राथमिकता का क्रम- मानव पेयजल, पशु पेयजल, घरेलू कार्यों के लिए एवं कृषि कार्यों के लिए जलापूर्ति रखा गया है।

## (c) भूमिगत जल संसाधन मूल्यांकन - (2023)

| | |
|---|---|
| 1. अतिदोहित क्षेत्र | — 216 |
| 2. गंभीर / विषम | — 23 |
| 3. अर्द्ध गंभीर/अर्द्ध विषम | — 22 |
| 4. सुरक्षित | — 38 |
| 5. लवणीय | — 3 |
| | कुल = 302 |

➢ अन्तर्राष्ट्रीय जल दिवस - 22 मार्च (Theme- 2024 "Water for Peace")

➢ जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम - 1974

# संसाधन भूगोल

## मिट्टी

1. मृदा का अर्थ
2. मिट्टी का संगठन
3. मिट्टी के प्रकार
4. मृदा की समस्याएँ

### 1. मृदा का अर्थ–

→ असंगठित चट्टानों की परत




→ पृथ्वी की ऊपरी सतह पर असंगठित चट्टानों की परत को मिट्टी या मृदा कहते हैं।

Note → पेडोलॉजी = मृदा के अध्ययन या मृदा विज्ञान को पेडोलॉजी कहते हैं।

### 2. मिट्टी का संगठन–




Springboard Academy

## 3. मिट्टी के प्रकार -

- **भारत** (ICAR)
  - मुख्य प्रकार – 8
  - गौण प्रकार – 27
- **राजस्थान**
  - राज्य कृषि विभाग – 14
  - वैज्ञानिक वर्गीकरण (USDA) – 5

NOTE → [Indian Council Of Agricultural Research
भारतीय अनुसंधान कृषि परिषद्]
– 1929 (नई दिल्ली)

[USDA → United State Department of Agriculture
– 1862]

### 1. राज्य कृषि विभाग का वर्गीकरण -

राज्य कृषि विभाग द्वारा राजस्थान की मिट्टियों को 14 भागों में बाँटा गया है-

| मिट्टी के प्रकार | जिले |
|---|---|
| 1. साई रोजेम्स | श्री गंगानगर |
| 2. रेवेरिना | श्री गंगानगर |
| 3. जिप्सीफेरस | बीकानेर |
| 4. पर्वतीय मिट्टी | उदयपुर, कोटा |
| 5. लाल चिकनी मिट्टी | बांसवाड़ा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर एवं चित्तौड़ का दक्षिणी भाग |
| 6. केल्सी ब्राउन डेजर्ट मृदा | जैसलमेर, बीकानेर |

Springboard ACADEMY

| | |
|---|---|
| 7. नॉन केल्सी ब्राउन मृदा | नागौर , अजमेर , सीकर , झुंझुनूं जयपुर , अलवर |
| 8. नवीन भूरी मिट्टी | अजमेर , भीलवाड़ा |
| 9. ग्रे - ब्राउन मिट्टी/ धूसर भूरी जलोढ़ मृदा (लूनी बेसीन) | पाली, जोधपुर , नागौर , जालौर , सिरोही |
| 10. पीली- भूरी मिट्टी (बनास बेसिन ) | राजसमंद , भीलवाड़ा , चितौड़ उदयपुर , अजमेर , टोंक , स. माधोपुर |
| 11. मरुस्थलीय मृदा | जैसलमेर , बीकानेर , बाड़मेर , जोधपुर + शेखावाटी |
| 12. मरुस्थलीय बालूका स्तूप मृदा | जैसलमेर , बीकानेर , बाड़मेर , जोधपुर |
| 13 जलोढ़ मिट्टी | अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर स. माधोपुर , टोंक |
| 14. काली मिट्टी (मध्यम गहरी काली मिट्टी) | हाड़ौती - कोटा , बूँदी , बारां, झालावाड़ |

## # वैज्ञानिक वर्गीकरण–

- मिट्टियों का वैज्ञानिक वर्गीकरण USDA के द्वारा किया गया ।
- वैज्ञानिक वर्गीकरण का मुख्य आधार मिट्टी के कणों का आकार है ।



## 1. एरिडीसॉल-

- यह मिट्टी मुख्यतः प. राजस्थान में पाई जाती है।
- जिसका विस्तार JBBJ (जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैस.) में विस्तृत है।
- जलवायु- यहाँ शुष्क जलवायु पाई जाती है।
- उपसमूह- • केल्सी ऑरथिड्स • सेल ऑरथिड्स
  • केम्बो ऑरथिड्स • पेलिऑरथिड्स

## 2. एंटीसॉल-

एंटीसॉल मुख्यतः राजस्थान के उ. प. भाग में अधिक पाई जाती है।

जलवायु- शुष्क एवं अर्द्धशुष्क

उपसमूह- सामेन्टस और टोरीफ्लूवेंटस

NOTE- एंटीसॉल राजस्थान में सर्वाधिक पाई जाती है।
दूसरी सर्वाधिक पाई जाने वाली मृदा = एरिडीसॉल

## 3. अल्फीसॉल-

- यह मिट्टी मुख्यतः राजस्थान के पूर्वी मैदान में अधिक पाई जाती है।
- जलवायु - आर्द्र एवं उपार्द्र
- उपसमूह - हेप्लुस्तालफस

## 4. इनसेप्टीसॉल- (लाल-भूरी)

- यह मिट्टी मुख्यतः राजस्थान के दक्षिणी भाग में अधिक पाई जाती है।

- जिसमें प्रमुख जिले- • RBCU- राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़, उदयपुर, पाली
  • वागड़ — बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर
- जलवायु - अर्द्धशुष्क एवं आर्द्रतुल्य

Springboard ACADEMY

- उपसमूह - उस्टोक्रिप्ट्स

5. <u>वर्टीसॉल</u>-

- वर्टीसॉल मुख्यतः द. पू. राजस्थान / हाड़ौती क्षेत्र (कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़) में पाई जाती है।
- जलवायु - आर्द्र एवं अतिआर्द्र
- उपसमूह - पेल्युस्टर्टस् & क्रोमस्टर्टस्

## राजस्थान की मिट्टियों का सामान्य वर्गीकरण

### 1. बलुई / रेतीली मिट्टी-

उपनाम — मरुस्थलीय / शुष्क मिट्टी / प्यासी मिट्टी

निर्माण - इस मिट्टी का निर्माण बलुआ पत्थर के अपरदन से हुआ है।

- <u>विस्तार / वितरण</u>- इस मिट्टी का विस्तार मुख्यतः प. राजस्थान में है।

  Max.- जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर व शेखावाटी

- <u>मुख्य फसल / कृषि उत्पादन</u>-
  - बाजरा
  - चना
  - मूंगफली
  - दलहन फसलें

- <u>मिट्टी की विशेषताएँ</u>-

1) बलुई मिट्टी राजस्थान में सर्वाधिक पाई जाती है।
2) इसमें Ca (कैल्सियम) की मात्रा अधिक पाई जाती है।
3) इस मिट्टी के कण सर्वाधिक मोटे होते है। इस कारण इसमें बार - बार सिंचाई की आवश्यकता होती है।

Springboard ACADEMY

## २. भूरी-रेतीली मिट्टी- (सिरोजम मिट्टी)

- **निर्माण-** लूनी बेसिन एवं बलुआ पत्थर
- **विस्तार-** पाली, जोधपुर, नागौर, जालौर, चुरू, सीकर, झुंझुनूं (चुरू, सीकर, झुंझुनूं → शेखावाटी)
- **फसल उत्पादन-** जीरा, ईसबगोल, मूँग, मोठ, अरण्डी, चंवला आदि।
- **विशेषताएँ-** इस मिट्टी में फॉस्फेट की मात्रा अधिक पाई जाती है।

## ३. लवणीय मिट्टी-

- उपनाम
  - खार
  - रेह
  - कल्लर
  - ऊसर (अनुपजाऊ मृदा)

- **निर्माण-** शुष्क क्षेत्रों में अधिक सिंचाई के कारण इस मिट्टी का निर्माण होता है।
- **विस्तार-** IGNP → श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर
  नर्मदा नहर → सांचौर, जालौर, बाड़मेर
- **फसल उत्पादन-** चावल, अनार, गन्ना
- इस मिट्टी में NaCl की मात्रा अधिक होती है।
- न्यूनतम उपजाऊ मृदा होती है।

## 4. जलोढ़ मिट्टी-

उपनाम
- डेल्टाई मिट्टी
- कछारी मिट्टी
- दोमट मिट्टी → (खादर - बांगर)
  - खादर → नवीन जलोढ़
  - बांगर → पुरानी जलोढ़

Springboard ACADEMY

- **निर्माण-** नदियों के द्वारा जमा किये गये अवसादों से।
- **विस्तार-** अलवर- भरतपुर, करौली, धौलपुर, टोंक, स. माधोपुर
- **उत्पादित फसलें-** सरसों, गेहूँ, गन्ना, चावल

**विशेषताएँ-**

(i) जलोढ़ मिट्टी सर्वाधिक उपजाऊ मिट्टी है।
(ii) भारत में जलोढ़ मिट्टी सर्वाधिक पाई जाती है।
(iii) इसमें पोटाश की मात्रा अधिक पाई जाती है।

## 5. काली मिट्टी-

- **उपनाम**
  - कपासी मिट्टी
  - रेगुर मिट्टी
  - स्वतः जुताई मिट्टी
  - ज्वालामुखी / लावा मिट्टी

- **निर्माण-** इस मिट्टी का निर्माण बेसाल्ट लावा चट्टानों से हुआ है।
- **विस्तार-** कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़ (हाड़ौती क्षेत्र)
- **कृषि उत्पादन-** कपास, सोयाबीन, मसाला फसलें।

- **विशेषताएँ-**

(i) काली मिट्टी में क्ले/ चीका अधिक पाई जाती है।

(ii) काली मिट्टी की जलधारण क्षमता सर्वाधिक होती है।

(iii) इस मिट्टी में लोहा, एल्युमिनियम एवं चुना पत्थर ($CaCO_3$) अधिक पाया जाता है।

(iv) काली मिट्टी को चरनोजम व वर्टीसॉल भी कहा जाता है।

Springboard ACADEMY

## 6. लाल-चिकनी मिट्टी-

- निर्माण - कायान्तरित व रूपान्तरित चट्टानों से निर्मित।
- विस्तार - बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ (वागड़) और उदयपुर चित्तौड़गढ़ के दक्षिणी भाग।
- फसलें - मक्का, चावल, गन्ना।

**विशेषताएँ-**

- इस मिट्टी में आयरन ऑक्साइड की मात्रा अधिक पाई जाती है, इस कारण इसका रंग लाल होता है।

## 7. लाल-काली मिट्टी-

- निर्माण - कायान्तरित एवं बेसाल्ट चट्टानों से निर्मित।
- विस्तार - बूंदी, भीलवाड़ा, चित्तौड़, प्रतापगढ़ (BBCP)
- उत्पादित फसलें - मक्का, कपास, अफीम

## 8. लाल-पीली मिट्टी-

- विस्तार – बनास बेसिन
  - मेवाड़ मैदान (RBCU)
  - मालपुरा, करौली (ATMs)
- उत्पादित फसलें - सरसों, ज्वार

# # मिट्टी की समस्याएँ #

- अपरदन
- सेम
- लवणीयता
- क्षारीयता
- मृदा अवकर्षण

## 1. अपरदन-

अर्थ- पृथ्वी की ऊपरी सतह का कटाव 'मृदा अपरदन' कहलाता है।

Springboard ACADEMY

**अपरदन का कारण-**

- वनों की अत्यधिक कटाई ।
- अति पशुचारण
- अवैज्ञानिक कृषि (बार-बार कृषि करना)
- खनन

**अपरदन के कारक-**

हवा, वर्षा जल, नदी

**अपरदन के प्रकार-**

(i) परतदार अपरदन (हवा से) → सर्वाधिक- प. राजस्थान, जैसलमेर

(ii) चादरी अपरदन (वर्षा जल) → सिरोही, राजसमंद

(iii) अवनालिका अपरदन (नदी जल से) → चंबल बेसिन

> NOTE- अपरदन का मुख्य कारक
> राजस्थान = हवा
> भारत व विश्व = जल

**✳ उपाय-**

i) वृक्षारोपण
ii) चारागाहों का विस्तार
iii) खेत की मेड़बंदी
iv) वैज्ञानिक खनन

> NOTE- अपरदन को 'मृदा की रेंगती हुई मौत' या 'किसान की मौत' कहा जाता है।

**२. सेम / Water loging (जलाक्रांता)-**

**अर्थ-** मिट्टी का दलदली होना।
Or
नमी की समस्या

- कारण- अधिक सिंचाई, जल रिसाव ।
- प्रभावी क्षेत्र – हनुमानगढ़ – बड़ोपल , श्रीगंगानगर
- उपाय – सफेदा/ यूकेलिप्टिस का वृक्षारोपण ।
  (इन्डो - डच प्रोग्राम)
  (India - Netherland / Holland)

3. लवणीयता–

- अर्थ- शुष्क क्षेत्रों में अधिक सिंचाई होने के कारण एक सफेद परत का निर्माण होता है।
- प्रभावी क्षेत्र- श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जालौर, सांचौर बाड़मेर ।
- उपाय
  - उर्वरक → जिप्सम
  - विधि → निक्षालन (लीचिंग)

4. क्षारीयता–

- अर्थ- मिट्टी का Ph मान 8 से अधिक होना क्षारीयता कहलाता है।
- कारण- रासायनिक उर्वरकों/ खादों का अधिक उपयोग ।
- उपाय- ग्वार व ढेंचा की हरी खाद ।

5. मृदा अवकर्षण-

- अर्थ- मिट्टी की भौतिक, रासायनिक व जैविक गुणवत्ता में ह्रास होना 'मृदा अवकर्षण' कहलाता है।

Springboard ACADEMY

- **कारण** - रासायनिक खादों का अधिक उपयोग।
- **उपाय** - जैविक खादों का उपयोग।

**प्रथम जैविक**

- राज्य (भारत में)
  - सिक्किम
- जिला (राजस्थान में)
  - डूँगरपुर

Springboard ACADEMY

## E. वृक्षारोपण कार्यक्रम

### 1. मरुस्थल वृक्षारोपण कार्यक्रम →

- शुरुआत- 1977-78
- जिले - 10
- वित्तीय भागीदारी - केन्द्र : राज्य = 75:25

> NOTE :- मरुस्थल विकास कार्यक्रम (DDP)
> - शुरु 1977-78
> - जिले - 16
> - वित्तीय सहयोग - केन्द्र : राज्य - 75:25

### 2. ऑपरेशन खेजड़ी →

- शुरुआत- 1991
- उद्देश्य - मरुस्थलीकरण को रोकना।

### 3. अरावली वृक्षारोपण योजना - (सहयोग - जापान)

- शुरुआत- 1992 (8 वर्ष, (1992- 2000)
- 10 जिले शामिल- अलवर, जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, नागौर, पाली सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़ एवं बांसवाड़ा।

### 4. राज्य वानिकी क्रियान्वयन योजना-

- 1996 से 2016 (20 वर्षीय कार्यक्रम)
- उद्देश्य - राज्य में वानिकी को बढ़ावा।

### 5. राज्य वानिकी एवं जैव विविधता कार्यक्रम-

- शुरुआत - 2003
- उद्देश्य- 
  - वनों एवं जैव विविधता को बढ़ाना।
  - मिट्टी एवं भू-जल संरक्षण
  - गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका कार्यक्रम

Springboard ACADEMY

## चरण

| फेज- Ist (२००३-१०) | फेज- IInd (२०११-२२) | फेज- IIIrd (२०२३) (Next - 8 year) |
|---|---|---|
| 18 जिले | 15 जिले (10 मरुस्थलीय + 5 गैर मरुस्थलीय) | 13 जिले → वित्त = 70% : 30% फ्रांस : राज्य |
| सहयोग - JICA (जापान) | JICA (जापान) | फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी (फ्रांस) |

JICA → Japan International Cooperation Agency

> नोट :- फेज-IInd के गैर-मरुस्थलीय जिलों में जयपुर, सिरोही, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर एवं भीलवाड़ा शामिल थे।

6. **हरित राजस्थान कार्यक्रम-** (२००९-२०१४)
   - यह वृक्षारोपण की एक पंचवर्षीय योजना है।

7. **वन धन योजना-** (राज्य सरकार)
   → 12 Aug., 2015 से शुरू।
   - उद्देश्य- वन क्षेत्रों के निकट रहने वाले लोगों के विकास एवं उनकी वनों पर निर्भरता कम करने व रोजगार उपलब्ध करवाना।

8. **वन धन विकास योजना** (केन्द्र सरकार) →
   - शुरुआत- 14 अप्रैल, 2018
   - उद्देश्य- गैर लकड़ी आधारित उत्पादों द्वारा आदिवासियों की आय बढ़ाना।

9. **घर- घर औषधि योजना-**
   - शुरुआत- 1 अगस्त २०२१ (२०२१ से २०२६)

↳ उद्देश्य- • रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना।
• औषधीय पादपों को बढ़ाना।

Note- इस योजना में 4 पादपों को शामिल किया गया है-
तुलसी, अश्वगंधा, कालमेघ, गिलोय

## F. वन संरक्षण पुरस्कार

**1. अमृता देवी बिश्नोई पुरस्कार-** प्रारम्भ- 1994

उद्देश्य- • वृक्षारोपण • वन संरक्षण • वन्य जीव संरक्षण

यह पुरस्कार तीन स्तर पर दिया जाता है

**व्यक्तिगत वन संरक्षण**
↓
राशि- 50 हजार
↓
1. ओम सिंह राजावत (2018 में)
2. नारायण लाल कुमावत (2019)
3. श्याम सुन्दर पालीवाल (2020)
4. अभिलाषा एवं बच्चू सिंह वर्मा (2021)
5. पवन कुमार जैन (2022)

**व्यक्तिगत वन्य जीव संरक्षण**
↓
राशि- 50 हजार
↓
1. सतनाम सिंह (2018 में)
2. गजेन्द्र सिंह झांसी (2020)
3. पद्म सिंह राठौड़ (2021)
4. मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा (2022)

**संस्थागत वन सुरक्षा एवं प्रबन्धन**
↓
राशि- 1 लाख
↓
(i) वंडर सीमेंट कम्पनी R.K नगर, चित्तौड़ (2018 में)
(ii) मानव सेवा संस्थान, हनुमानगढ़ (2018 में)
(iii) वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति, पाटिया-उदयपुर (2018 में)
(iv) वन सुरक्षा एवं प्रबंधन समिति, सती की चोरी-उदयपुर (2020)

**2. इंदिरा प्रियदर्शनी वृक्ष मित्र पुरस्कार-** (शुरुआत-1986)

यह पुरस्कार भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा

उन व्यक्तियों और संस्थानों को दिया जाता है, जिन्होंने वनीकरण और बंजर भूमि विकास के क्षेत्र में अग्रणी और अनुकरणीय कार्य किया है।

राशि- २,50,000 रु.

3. <u>राजीव गांधी पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार</u>- शुरुआत- २०1२ (5 जून)

यह पुरस्कार तीन स्तर पर दिया जाता है

- व्यक्तिगत → राशि- २ लाख + रजत कमल
- नगरीय निकाय → 3 लाख + रजत कमल
- संस्थागत → 5 लाख + रजत कमल

4. <u>कैलाश सांखला वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार</u>- (शुरुआत-२010)

राशि- 50,000 रूपये (वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु)

5. <u>वनपालक पुरस्कार</u>- यह पुरस्कार सरकारी विभाग में कार्य करने वाले वन रक्षक और वन विभाग के कर्मचारियों को दिया जाता है।

## ज. वनस्पति एवं वन्य जीवों के संरक्षण संबंधी अधिनियम एवं परियोजनाएँ

- ➡ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम - 1972
- ➡ बाघ संरक्षण परियोजना - 1973
- ➡ मगरमच्छ संरक्षण परियोजना - 1975
- ➡ वन संरक्षण अधिनियम - 1980 (संशोधित-1988)
- ➡ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम - 1986

➡ हाथी संरक्षण परियोजना - 1992

➡ जैव विविधता संरक्षण अधिनियम - २००२ (नियम - २०10)

➡ गोडावण संरक्षण परियोजना - २०13

## H. प्रमुख दिवस

- 14 जनवरी, 31 जनवरी → जीव जंतु पखवाड़ा
- २ फरवरी → रामसर/ विश्व आर्द्रभूमि दिवस
- २1 मार्च → विश्व वानिकी दिवस
- २२ मार्च → जल दिवस
- २२ अप्रेल → पृथ्वी दिवस
- २२ मई → जैव विविधता दिवस
- 5 जून → विश्व पर्यावरण दिवस
- 1 जुलाई - 7 जुलाई → वन महोत्सव एवं वन सप्ताह

(राजस्थान में राज्य वन महोत्सव - 1२ सितम्बर)

- 16 सितम्बर → ओजोन दिवस
- 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर या (२ अक्टूबर से 8 अक्टूबर) → वन्य जीव सप्ताह

थीम - २०२5

- २ फरवरी → Protecting wetlands for our Common future.
- २1 मार्च → Forests and food.

Springboard ACADEMY

- २२ मार्च → Glacier Preservation
- २२ अप्रैल → Our earth, our planet
- २२ मई → Harmony with nature and sustainable Development
- 5 जून → Combating Plastic Pollution
- 16 सितम्बर → स्वयं update करे

Springboard ACADEMY

# राजस्थान में जैव विविधता एवं वन्य जीव संरक्षण

- ✓ पारिस्थितिकी तंत्र
- ✓ राजस्थान में जैव विविधता एवं वन्यजीव चुनौतियाँ
- ✓ वन्यजीव एवं जैव विविधता संरक्षण

## पारिस्थितिकी तंत्र (100 words)

- राजस्थान राज्य को 4 पारिस्थितिकी तंत्रों में बाँटा गया है-

1. मरु पारिस्थितिकी तंत्र
2. अरावली पारिस्थितिकी तंत्र
3. पूर्वी मैदान पारिस्थितिकी तंत्र
4. हाड़ौती पारिस्थितिकी तंत्र

### 1. मरु पारिस्थितिकी तंत्र-

- उत्तर- पश्चिम राजस्थान में विस्तृत।
- वनस्पति- इस पारिस्थितिकी तंत्र में जीरोफाइट्स या मरुद्भिद/ कंटीली वनस्पति पाई जाती है।
  जैसे- कैक्टस, कंटीली झाड़ियाँ, डंडा थोर
- वन्यजीव→ मरु लोमड़ी, गोडावण, चिंकारा, कुरजा, छोटा किलकिला काला हिरण।
- विशेषता→ इस पारिस्थितिकी तंत्र में जैव विविधता कम पाई जाती है क्योंकि यहाँ वर्षा एवं वनस्पति सघनता कम होती है।

Springboard ACADEMY

## २. अरावली पारिस्थितिकी तंत्र-

- यह राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर विस्तृत है।
- वनस्पति → उपोष्ण सदाबहार, उष्ण धोक, उष्ण शुष्क मानसूनी/ पतझड़
- वन्यजीव → कब्र बिज्जु (उदयपुर), जंगली मुर्गे, भेड़िये (राजसमंद), खड़मोर (अजमेर), चीतल (जयपुर), सांभर (अलवर), खरगोश (दौसा)

> NOTE- इस पारिस्थितिकी तंत्र में जैव विविधता सर्वाधिक पाई जाती है। क्योंकि यहाँ वनस्पति सघनता अधिक होती है।

## 3. पूर्वी मैदान पारिस्थितिकी तंत्र-

- यह पारिस्थितिकी अरावली के पूर्व में स्थित है।
- इस पारिस्थितिकी तंत्र में उष्ण शुष्क मानसूनी वनस्पति (पतझड़ वन) पाई जाती है, जैसे- साल, सागवान, शीशम, पलाश एवं खैर।
- वन्य जीव- इस पारिस्थितिकी तंत्र में पक्षी जैव विविधता अधिक पाई जाती है। जैसे-
  - जलपीपी - बांसवाड़ा
  - जांघिल - डूँगरपुर
  - सारस - भरतपुर
  - मोर - भीलवाड़ा
  - हंस - टोंक
  - इंडियन स्कीमर (पंछीड़ा) - धौलपुर

## 4. हाड़ौती पारिस्थितिकी तंत्र-

- यह पा॰ तंत्र राजस्थान के द॰ पू. क्षेत्र में स्थित है।
- इस पारिस्थितिकी तंत्र में उष्ण सागवान वन पाए जाते है।
- वनस्पति- सागवान, गूलर, महुआ, तेन्दु।

Springboard Academy

- वन्यजीव–
इसमें जलीय जैव विविधता अधिक पाई जाती है।
जैसे
घड़ियाल (करौली), मगरमच्छ (बारां), गांगेय सूंस,
उद्बिलाव (कोटा), सुर्खाब (बूंदी)

विशेषता- इस पारिस्थितिकी तंत्र में वर्षा सर्वाधिक होती है। इस कारण सतही जल की उपलब्धता अधिक होती है।

## राजस्थान में पारिस्थितिकी की समस्याएँ/चुनौतियाँ

### चुनौतियाँ- (50 words)

- राजस्थान में क्षेत्रफल की तुलना मे वन्य जीव कम पाए जाते है।
- जिसका कारण–

| मानवीय कारण | जलवायु/ पर्यावरणीय कारण |
| --- | --- |
| 1. बढ़ती हुई जनसंख्या एवं पशु सम्पदा। | 1. राजस्थान में अल्प वर्षा का होना। |
| 2. वनों एवं वृक्षों की कटाई। | 2. सतही एवं भूमिगत जल की कम उपलब्धता |
| 3. बढ़ता हुआ नगरीकरण एवं औद्योगिकरण। | 3. प्राकृतिक वनस्पति की कमी। |
| 4. मानव व वन्यजीवों के मध्य बढ़ते हुए आपसी संघर्ष। | 4. बढ़ता हुआ मरुस्थलीकरण। |
| 5. अरावली क्षेत्र में बढ़ता हुआ खनन। | 5. वन्यजीवों के मध्य बढ़ते हुए आपसी संघर्ष। |

# वन्यजीव / पारिस्थितिकी संरक्षण

असम के बाद, राजस्थान वन्य जीवों में दूसरा स्थान रखता है। आजादी से राजस्थान को "शिकारियों के स्वर्ग" के रूप में जाना जाता था। आजादी के बाद, पेड़ों की अनियंत्रित कटाई और अवैध शिकार के कारण, केन्द्र और राज्य सरकार दोनों वन और वन्यजीव संरक्षण के लिए संयुक्त रूप से प्रयासरत है।

वन्य जीवों को दो तरीकों से संरक्षित किया जा सकता है-

वन्यजीव संरक्षण

| स्वः स्थाने संरक्षण (In-Situ) | बाह्य स्थाने संरक्षण (Ex-Situ) |
| --- | --- |
| जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में संरक्षित करना। | जीवों को उनके प्राकृतिक आवास के बाहर संरक्षित करना। |
| उदा.• राष्ट्रीय उद्यान<br>• वन्यजीव अभयारण्य<br>• बाघ संरक्षण परियोजना<br>• रामसर साइट<br>• कन्जर्वेशन रिजर्व<br>• आखेट निषेध क्षेत्र एवं जैव मण्डल | उदा.- • जंतुआलय<br>• मृग उद्यान<br>• पशु जीन बैंक एवं एक्वेरियम |

## I. स्वः स्थाने संरक्षण-

→ राष्ट्रीय उद्यान- राजस्थान में तीन राष्ट्रीय उद्यान है, जो निम्न लिखित है- (a) रणथम्भौर

(b) केवलादेव

(c) मुकुंदरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान

Springboard Academy

(a) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान- (1980)

- सवाई माधोपुर (२८२.03 Km²)
- राजस्थान का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान (बाघों का घर)
- राजस्थान की प्रथम बाघ परियोजना (प्रमुख बाघिन - मछली / T-16)
- त्रिनेत्र गणेश मन्दिर, जोगी महल एवं कुक्कुर घाटी (डॉग वैली) स्थित।
- धोक वृक्ष की अधिकता
- रणथम्भौर में स्थित तालाब- काला तालाब, जंगली तालाब, सुख तालाब

(b) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान / घाना पक्षी विहार (1981)-

- भरतपुर, क्षेत्र॰→ (२8.73 Km²)
- यूनेस्को धरोहर सूची में शामिल राज्य की एकमात्र प्राकृतिक धरोहर (1985)
- शीत ऋतु में साइबेरियन सारस यहाँ आते है।
- इसे पक्षियों का स्वर्ग भी कहते है।
- 1981 में रामसर सूची में शामिल।
- डॉ. सलीम अली की कर्मस्थली
- अजान बाँध इसी अभयारण्य में स्थित है।
- इस राष्ट्रीय उद्यान में 'ऐंचा' घास अधिक पाई जाती है।

(c). मुकुंदरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान- (२012) (कोटा, चित्तौड़गढ़)

- राजस्थान का नवीनतम राष्ट्रीय उद्यान।
- राजस्थान का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान (२97.6२ वर्ग कि.मी.)
- गागरोनी तोते एवं बाघों के लिए प्रसिद्ध।

- राज्य की तीसरी बाघ परियोजना
- सागवान वनस्पति अधिक पाई जाती है।

NOTE:- मुकुन्दरा
- राष्ट्रीय उद्यान - (कोटा - चित्तौड़)
- हिल्स - (कोटा - झालावाड़)
- बाघ परियोजना - (कोटा, बूँदी, झालावाड़, चित्तौड़)
- दर्रा अभयारण्य - (कोटा, झालावाड़)

## अभयारण्य

राज्य अभयारण्य - (२६)

**सबसे बड़ा**

1. राष्ट्रीय मरुउद्यान (3162 Km²)
2. कैलादेवी अभयारण्य (677 Km²)
3. कुम्भलगढ़ अभयारण्य (611 Km²)

**सबसे छोटा**

1. सरिस्का - अ (3 Km²)
2. सज्जनगढ़ अभयारण्य (5 Km²)
3. तालछापर अभयारण्य (7 Km²)

## प्रमुख अभयारण्य

| नाम | क्षेत्र | वर्ष | विशेषताएँ |
|---|---|---|---|
| रामसागर | धौलपुर | 1955 | |
| वन विहार | धौलपुर | 1955 | |
| केसरबाग | धौलपुर | 1955 | |
| सरिस्का - अ | अलवर | 2012 | राज. का सबसे छोटा अभयारण्य |
| सरिस्का | अलवर | 1955 | • राज. की दूसरी बाघ परियोजना (1978)<br>• मोर व हरे कबूतर के लिए प्रसिद्ध पांडुपोल, भर्तृहरि मंदिर, नीलकण्ठ महादेव एवं नारायणी माता मन्दिर। |
| सवाई माधोपुर | सवाई माधोपुर | 1955 | |
| जयसमंद | सलूम्बर | 1955 | "जलचरों की बस्ती" क्योंकि जलीय जैव विविधता अधिक। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| दर्रा | कोटा, झालावाड़ | 1955 | • गागरोनी तोते |
| तालछापर | चुरु | 1962 | • काले हिरण, कुरजा पक्षी एवं गुरु द्रोणाचार्य आश्रम स्थित। <br>• मोचिया घास |
| कुंभलगढ़ | उदयपुर, पाली व राजसमंद | 1971 | • भेड़ियों एवं रणकपुर जैन मंदिर के लिए प्रसिद्ध। |
| जवाहर सागर | बूंदी, कोटा, चित्तौड़गढ़ | 1975 | • घड़ियालों के लिए प्रसिद्ध। <br>• गरड़िया महादेव मन्दिर, गेपरनाथ मन्दिर |
| राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल | धौलपुर, करौली बूंदी, कोटा, स. माधोपुर | 1979 | • घड़ियाल, मगरमच्छ, डॉल्फिन के लिए प्रसिद्ध। |
| सीतामाता वन्य जीव अभयारण्य | प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ व सलूम्बर | 1979 | • यहाँ अधिकतम जैव विविधता पाई जाती है। <br>• सागवान वृक्ष अधिक पाए जाते है। <br>• उड़न गिलहरी, पैंगोलिन, चीतल और चौसिंगा के लिए प्रसिद्ध |
| नाहरगढ़ | जयपुर | 1980 | • जैविक उद्यान के रुप में विकसित <br>• जयपुर जन्तुआलय (रामनिवास बाग से) स्थानांतरित <br>• इसे एक्जोटिक पार्क के रुप में स्थापित किया जायेगा। <br>• लॉयन सफारी की शुरुआत की। |
| राष्ट्रीय मरु उद्यान | जैसलमेर, बाड़मेर ($3162\ Km^2$) | 1980 | • राज्य का सबसे बड़ा अभयारण्य, सेवण घास सर्वाधिक, गोडावण एवं चिंकारा अधिक <br>• इसमें फॉसिल पार्क स्थित है। <br>• गोड़ावण प्रजनन केन्द्र |
| रामगढ़ विषधारी | बूंदी | 1982 | • इसमें अजगर पाए जाते है। <br>• इसमें मेज नदी बहती है। <br>• कनक सागर झील (दुगारी बाँध) <br>• राज्य की $4^{th}$ बाघ परियोजना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जमवारामगढ़ | जयपुर | 1982 | • धोक वन पाए जाते है<br>• जमवाय माता का मन्दिर |
| टॉडगढ़ अरावली | ब्यावर, पाली, राजसमंद | 1983 | |
| फुलवारी की नाल | उदयपुर (कोटड़ा हिल्स) | 1983 | • सोम, मानसी व वाकल नदियाँ बहती है। |
| भैंसरोडगढ़ | चित्तौड़गढ़ | 1983 | • घड़ियालों के लिए प्रसिद्ध<br>• चम्बल + ब्राह्मणी नदी के किनारे स्थित |
| शेरगढ़ | बारां | 1983 | • ये साँपों, शेरगढ़ दुर्ग, परवन नदी के लिए प्रसिद्ध।<br>"साँपों की शरणस्थली" |
| कैलादेवी | करौली<br>सवाई माधोपुर | 1983 | सर्वाधिक धोक वन |
| सवाई मानसिंह | सवाई माधोपुर | 1984 | |
| बंध बारेठा | भरतपुर | 1985 | "पक्षियों का घरौंदा", कुकुन्द नदी व बंध बारेठा झील |
| सज्जनगढ़ | उदयपुर | 1987 | • "प्रथम बॉयोलॉजिकल पार्क"<br>• राजस्थान का दूसरा छोटा अभ्यारण्य |
| बस्सी | चित्तौड़गढ़ | 1988 | जलेश्वर महादेव |
| माउंट आबू | सिरोही | 2008 | • 'डिक्लिप्टेरा आबू ऐंसिस' वनस्पति पाई जाती है। (अम्बरतरी) • जंगली मुर्गे |

## बाघ परियोजनाएँ

राजस्थान में 5 बाघ परियोजनाएँ

- रणथम्भौर
- सरिस्का
- मुकुंदरा हिल्स
- रामगढ़ विषधारी
- धौलपुर-करौली

Springboard Academy

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. रणथम्भौर | 1974 | स. माधोपुर<br>करौली<br>बूँदी<br>टोंक | 1530.23 Km² | रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान, स. माधोपुर अभयारण्य, कैलादेवी, राष्ट्रीय चम्बल अभ. |
| 2. सरिस्का | 1978 | अलवर, जयपुर<br>कोटपुतली-बहरोड़ | 1213.34 Km² | सरिस्का और जमवारामगढ़ अभयारण्य |
| 3. मुकुंदरा हिल्स | 2013 | कोटा, बूंदी,<br>झालावाड़<br>चित्तौड़ | 1135.78 Km² | मुकुंदरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान, दर्रा अभयारण्य चम्बल अभयारण्य जवाहरसागर अभयारण्य |
| 4. रामगढ़ विषधारी | 2021 | बूंदी, कोटा | 1496.59 Km² | रामगढ़ विषधारी |
| 5. धौलपुर-करौली | 2023 | धौलपुर-करौली | 599.64 Km² | |

## रामसर साइट

→ वर्तमान में राज्य में दो रामसर साइट है।

1. केवलादेव 1981 → साइबेरियन सारस
2. सांभर 1990 → कुरजा एवं राजहंस

## कंजर्वेशन रिजर्व

→ राज्य में कुल 37 कंजर्वेशन रिजर्व है,-

1. जोड़बीड़ गढ़वाला ———→ बीकानेर

2. जवाई बाँध लैपर्ड-I → पाली
3. जवाई बाँध लैपर्ड-II → पाली
4. बीड़ → झुंझुनूं
5. बांसियाल-खेतड़ी → झुंझुनूं
6. बांसियाल-खेतड़ी बागोर → झुंझुनूं
7. मनसा माता → झुंझुनूं,
8. बीसलपुर → अजमेर
9. सुंधा माता → जालौर-सिरोही
10. शाकम्भरी → झुंझुनूं
11. गोगेलाव → नागौर
12. रोटू → नागौर
13. गुढ़ा बिश्नोईयां → जोधपुर
14. उम्मेदगंज पक्षी विहार → कोटा
15. शाहबाद कन्जर्वेशन → बारां
16. बीड़ घास फुलिया खुर्द → भीलवाड़ा
17. बागदरा मगरमच्छ → उदयपुर
18. रणखार → जालौर
19. शाहबाद-तलहटी → बारां
20. वाड़ाखेड़ा → सिरोही
21. झालाना-आमागढ़ → जयपुर
22. रामगढ़-कुंजी-सुनवास → बारां
23. अरवर गाँव (खड़मोर) → अजमेर
24. खींचन (कुरजां) → फलौदी
25. हमीरगढ़ → भीलवाड़ा
26. बांझ आम्ली → बारां
27. सोरसन-I → बारां
28. सोरसन-II → बारां
29. सोरसन-III → बारां
30. महसीर → उदयपुर

Springboard Academy

31. बीड़ फतेहपुर → सीकर
32. बीड़ मुहाना - A → जयपुर
33. बीड़ मुहाना - B → जयपुर (सबसे छोटा)
34 अमरख महादेव लैपर्ड → उदयपुर
35. बालेश्वर → सीकर (सबसे बड़ा)
36. गंगा भैरव घाटी → अजमेर
37 आसोप कंजर्वेशन रिजर्व → भीलवाड़ा (नवीनतम)

## आखेट निषेध क्षेत्र (राज्य में कुल 33)

- सबसे बड़ा - कोल्सर सम्वतसर - चुरू - बीकानेर
- सबसे छोटा - कनक सागर (बूँदी)
- अन्य
  - जोधपुर – डोली, गुढा विश्नोई
  - बीकानेर – जोड़बीड़, मुकाम, बज्जू, देशनोक
  - अजमेर – सोखलिया, तिलोरा
  - जयपुर – सन्थाल, महला

### II. बाह्य स्थाने संरक्षण :-

**A. जन्तु आलय –** राजस्थान में 5 जन्तु आलय है।

**(i) जयपुर जन्तुआलय-**
राज्य का प्रथम जन्तुआलय।

निर्माण - रामसिंह-II, (1876) राम निवास बाग
वर्तमान में नाहरगढ़ अभयारण्य में स्थानांतरित।
यहाँ घड़ियाल प्रजनन केन्द्र स्थित है।

**(ii) उदयपुर जन्तुआलय-** 1878, गुलाबबाग (उदयपुर) में स्थापित।
→ राज्य का दूसरा जन्तुआलय
वर्तमान- सज्जनगढ़ जैविक उद्यान में स्थानांतरित।

(iii) बीकानेर जन्तुआलय- स्थापना - 1922

(iv) जोधपुर जन्तुआलय-

स्थापना- 1936
पक्षीशाला एवं गोडावन प्रजनन केन्द्र स्थित है।

(v) कोटा जन्तुआलय- इसकी स्थापना- 1954

(8) मृग उद्यान- राजस्थान में कुल 7 मृग उद्यान है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अशोक | → जयपुर | 5. पुष्कर | → अजमेर |
| 2. संजय | → जयपुर | 6. सज्जनगढ़ | → उदयपुर |
| 3. अमृता देवी | → जोधपुर | 7. दुर्ग | → चित्तौड़गढ़ |
| 4. माचिया सफारी | → जोधपुर | | |

# वन्यजीव शुभंकर – शुरुआत- मार्च 2016, वन विभाग द्वारा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अजमेर | → खड़मोर पक्षी | 18. जालौर | → भालू |
| 2. अलवर | → सांभर | 19. जोधपुर | → कुरजा पक्षी |
| 3. बारां | → मगरमच्छ | 20. कोटा | → उदबिलाव |
| 4. बीकानेर | → बटबड़/ रेत का तीतर | 21. टोंक | → हंस |
| 5. बूंदी | → सुर्खाब | 22. प्रतापगढ़ | → उड़न गिलहरी |
| 6. चुरू | → काला हिरण | 23. स. माधोपुर | → बाघ |
| 7. दौसा | → खरगोश | 24. सीकर | → शाहिन (बाज) |
| 8. डूँगरपुर | → जांघिल | 25. सिरोही | → जंगली मुर्गी |
| 9. भीलवाड़ा | → मोर | 26. झालावाड़ | → गागरोनी तोता |
| 10. बाँसवाड़ा | → जलपीपी | 27. करौली | → घड़ियाल |
